आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 23.11.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- जी 20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समग्र मानववाद पर ज़ोर दिया। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री ने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात की।
- दुबई एयर शो में तेजस विमान हादसे में शहीद विंग कमांडर नमांश स्याल का पार्थिव शरीर स्वदेश पहुंचा।
- राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर ने जेलों में बंद महिला कैदियों की स्थिति सुधारने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और विशेषज्ञों से लिखित सुझाव देने को कहा।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल कुमार ने राजनीतिक दलों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण पर समीक्षा बैठक की।

<><><><><><><>

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी–20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बारहवीं बार शामिल हुए। पहले सत्र में संबोधन के दौरान उन्होंने भारत की सभ्यतागत परंपरा पर आधारित समग्र मानववाद का उल्लेख किया, जो विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने की राह दिखाता है। प्रधानमंत्री ने 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना को मूर्त रूप देते हुए चार प्रमुख प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इनमें जी–20 के अंतर्गत वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार का निर्माण, अफ्रीका–स्किल्स मल्टीप्लायर पहल, प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम का गठन, और नशीले पदार्थों की चुनौती से निपटने के लिए ड्रग–टेरर नेक्सस पर केंद्रित जी–20 पहल शामिल हैं। सम्मेलन में जी–20 दक्षिण अफ्रीका घोषणा–पत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। उनचालीस पृष्ठों के इस घोषणा–पत्र में ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु कार्रवाई और आपदा से बचाव को प्रमुख महत्व दिया गया है। सम्मेलन के दौरान इस बात पर भी सहमति बनी किक्रिटिकल मिनरल्स की वैश्विक मांग तेजी से बढ़ेगी, जबकि अब तक उनके लाभों का पूरा उपयोग नहीं हो पाया है। शिखर सम्मेलन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने कई द्विपक्षीय बैठकों में भाग लिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानी और कनाडा के प्रधानमंत्री माइक कार्नी के साथ मुलाकात कर ऑस्ट्रेलिया–कनाडा–भारत प्रौद्योगिकी और नवाचार साझेदारी की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुटेरस से भी चर्चा

की। प्रधानमंत्री ने ब्राजील, अंगोला, इथियोपिया, जर्मन चांसलर, मलेशिया, सिंगापुर, सिएरा लियोन तथा वियतनाम के राष्ट्राध्यक्षों से भी मुलाकात की।

<><><><><><><>

दुबई एयर शो में तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटना में शहीद हुए विंग कमांडर नमांश स्याल का पार्थिव शरीर शनिवार को भारत लाया गया। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल और महावाणिज्य दूत सतीश सिवन ने विंगकमांडर नमांश स्याल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से उनके स्वदेश वापसी से पहले संयुक्त अरब अमीरात के सुरक्षा बलों ने शहीद पायलट को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजय राहतकर ने महिलाओं की जेल से संबंधित कानून पर राष्ट्रीय परामर्श किया। कार्यक्रम में आयोग की सदस्या डॉ. अर्चना मजूमदार, मस डेलिना खोंगडप, ममता कुमारी, विभिन्न राज्यों के पुलिस अधिकारी, विधि विशेषज्ञ, कुलपति, शिक्षाविद और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्षा ने कहा कि यह परामर्श महिला कैदियों के अधिकार, गरिमा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सुधारो की पहचान पर केंद्रित है। उन्होंने आयोग द्वारा आर्थिक सशक्तिकरण, लैंगिक जागरूकता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा पर चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी भी दी।

पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्दर सिंह धालीवाल ने उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि परामर्श से सुधारो की दिशा स्पष्ट होगी। सत्र में चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य, कैदियों के बच्चों के अधिकार, ट्रांसजेंडर कैदियों की सुरक्षा, कानूनी सहायता, स्वच्छता कमी, ढांचागत समस्याओं और सुधारों पर चर्चा हुई। कई विशेषज्ञ वर्चुअल माध्यम से भी जुड़े। अंत में अध्यक्षा ने अपने सुझाव लिखित रूप में भेजने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल.कुमार ने कल सचिवालय के मिनी सम्मेलन हाल में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक लेकर पहली जनवरी दो हजार छब्बीस को आधार तिथि मानकर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने वितरण, संग्रहण और एन्यूमरेशन फार्मो के

डिजिटाइजेशन की वर्तमान स्थिति पर प्रस्तुति दी और सभी दलो से बूथ स्तर अभिकर्ता नियुक्त करने का आग्रह किया, ताकि मतदाता अपने नाम और परिवार के सदस्यों का सत्यापन कर सकें। बैठक में ईसीआई पोर्टल और एस आई आर दो हजार दो पोर्टल पर पुरानी जानकारी खोजने की लाइव डेमो भी दी गई। राजनीतिक दलो ने उन मतदाताओं को लेकर चिंता जताई, जो मुख्य भूमि में रह रहे हैं। सी ई ओ ने स्पष्ट किया कि उनकी ओर से वयस्क परिवार सदस्य फार्म भरकर जमा कर सकते हैं या वे स्वयं ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। निन्यानब्बे दशमलव नौ आठ प्रतिशत फार्म वितरण पर भी स्पष्टीकरण देते हुए कहा गया कि बी एल ओ ने सभी घर कवर किए हैं और अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा डुप्लीकेट मतदाताओं के फार्म भी गणना में शामिल हैं। दावों और आपत्तियों की अवधि नौ दिसम्बर से अगले वर्ष आठ जनवरी तक निर्धारित है। प्रतिनिधियों ने चुनाव मशीनरी के कार्य की सराहना की और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के विज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा समग्र शिक्षा एवं एन सी ई आर टी के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी दो हजार पच्चीस–छब्बीस 'ज्ञानोदय' का कल समापन हो गया। प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने वैज्ञानिक मॉडल, नवाचार आधारित प्रोजेक्ट और स्थानीय समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने प्रदर्शनी स्थल का दौरा कर विद्यार्थियों की वैज्ञानिक दृष्टि और नवाचार क्षमता की सराहना की।

<><><><><><><>

जहाजरानी सचिव पूर्वा गर्ग ने कल स्वराज द्वीप स्थित सी–पोर्ट टर्मिनल निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना की भौतिक प्रगति, अवरोधक, गुणवत्ता मानकों और सभी आधारभूत सुविधाओ की स्थिति का मूल्यांकन किया। निरीक्षण में यात्री टर्मिनल भवन, बर्थिंग क्षेत्र, जन सुविधाएं, जल और विद्युत व्यवस्था, एस टी पी, एम ई पी प्रणाली और अन्य ढांचागत घटकों की समीक्षा की गई। अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य विभाग तथा अभियंताओं ने वर्तमान कार्य स्थिति और लंबित गतिविधियों की जानकारी दी। स्वराज द्वीप जेट्टी की मरम्मत और उससे जुड़े कार्यो पर भी चर्चा हुई। सचिव ने विभाग को निर्देश दिया कि इस कार्य की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के त्वरित अनुमोदन के लिए मंत्रालय से आवश्यक अनुवर्ती कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

<><><><><><><>